बिहार सरकार
मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग
(निबंधन)
आदेश

पटना, दिनांक–.....

का0आ0 सं0–8बी/विविध-अरा0आ0नि0-27/2023 -...../–श्री मदन कुमार श्रीवास्तव, अभिलेखपाल, जिला निबंधन कार्यालय, वैशाली सम्प्रति सेवानिवृत, द्वारा जिला निबंधन कार्यालय, वैशाली के पदस्थापन अवधि में दस्तावेज के निबंधन के क्रम में रोक सूची का मिलान संचिका में संधारित हार्ड कॉपी से सही ढंग से नहीं किए जाने एवं संबंधित खेसरा को रोक मुक्त लिख कर दस्तावेज को निबंधन हेतु अग्रसारित करने के कारण विक्रय वसीका सं0–812, दिनांक–27.01.2023 का निबंधन हो जाने का आरोप प्रथम दृष्टया प्रमाणित पाये जाने के कारण विभागीय आदेश–3226 दिनांक–16.06.2025 द्वारा श्री श्रीवास्तव को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–9(1) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए निलंबन अवधि में उनका सहायक निबंधन महानिरीक्षक का कार्यालय, पटना प्रमंडल, पटना किया गया था।

2. विषयगत मामले में विभागीय कार्यवाही सम्प्रति प्रक्रियाधीन है एवं श्री श्रीवास्तव दिनांक 31.10.2025 को वार्द्धक्य सेवानिवृत हो गये हैं।
3. अतः अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा सम्यक विचारोपरान्त श्री श्रीवास्तव की वार्द्धक्य सेवानिवृति की तिथि दिनांक–31.10.2025 के अपराह्न के प्रभाव से उन्हें निलंबन मुक्त करने का निर्णय लिया गया है।
4. अतएव अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा उक्त लिये गये निर्णय के आलोक में श्री मदन कुमार श्रीवास्तव, अभिलेखपाल, जिला निबंधन कार्यालय, वैशाली सम्प्रति सेवानिवृत, को उनकी वार्द्धक्य सेवानिवृति की तिथि दिनांक–31.10.2025 के अपराह्न के प्रभाव से निलंबन मुक्त किया जाता है।
5. श्री श्रीवास्तव की निलंबन अवधि का विनियमन उनके विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही के फलाफल पर निर्भर करेगा।

ह0/–
(संजय कुमार)
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक– 8बी/विविध-अरा0आ0नि0-27/2023 - 731 पटना, दिनांकः– 03.02.26

प्रतिलिपिः– समाहर्त्ता–सह–जिला निबंधक, वैशाली, हाजीपुर/समाहर्त्ता–सह–जिला निबंधक, सारण, छपरा/सहायक निबंधन महानिरीक्षक, पटना प्रमण्डल, पटना/सहायक निबंधन महानिरीक्षक, तिरहुत प्रमण्डल, मुजफ्फरपुर/सहायक निबंधन महानिरीक्षक, सारण प्रमण्डल, छपरा/जिला अवर निबंधक, वैशाली, हाजीपुर/जिला अवर निबंधक, सारण, छपरा/ जिला कोषागार पदाधिकारी, पटना/ जिला कोषागार पदाधिकारी, वैशाली, हाजीपुर/जिला कोषागार पदाधिकारी, सारण छपरा/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–06/आई0टी मैनेजर, मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु/श्री मदन कुमार श्रीवास्तव, अभिलेखपाल, जिला निबंधन कार्यालय, वैशाली सम्प्रति सेवानिवृत कार्यालय अधीक्षक, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव

03.02.26